Hindustan (Hindi) Page No.-05 Dated:-23.10.2019

एयूडी में हरित भवन का मानक अपनाएं

नई दिल्ली (व.सं.)। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) के नए परिसरों को हरित भवनों के मानकों के अनुरूप तैयार करने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल ने कुलपति समेत विवि अधिकारियों के साथ हुई एयूडी कोर्ट बैठक के बाद ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में मंगलवार को एयूडी की 9वीं कोर्ट बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एयूडी की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर समेत कई लोग मौजूद रहे।